Sem-3, SE-301, By-Dr. Shyam Bihari Choudhary
Topic - Prevention for learning disable children

Camlin Page (2)
Date 30/10/2020

बालक को वर्तमान परिवेश परिस्थितियों में सुधार लाना (Structuring and Improving the Existing Environmental Set-up)

बालक की अधिगम अक्षमताओं या अपंगता के लिए बहुत बार बालक के परिवेशजन्य परिस्थितियों तथा कारकों का दोषपूर्ण होना उत्तरदायी होता है। जब तक इनके सुधार हेतु गंभीर प्रयत्न न किये जाएँ तब तक बालक की अधिगम अक्षमता और उसके फलस्वरूप पैदा होने वाले दुष्प्रभावों के निराकरण की बात नहीं सोची जा सकती। इसके लिए माता-पिता, गुरुजनों, समाज के जिम्मेदार सदस्यों निर्देशन, एवं परामर्श सेवा कार्यकर्ताओं तथा यहाँ तक कि सरकार की ओर से भी ऐसे एकजुट प्रयत्न करने की आवश्यकता होती है जिनकी सहायता से बालक को वह उपयुक्त वातावरण मिले जिसमें उनके व्यवहार और व्यक्तित्व का सही निर्माण हो सके तथा उनको अच्छी अधिगम के लिए अक्षमताओं को दूर करने हेतु वाँछित अवसर उपलब्ध हो सकें